Roll No. .....

Serial Number

Total No. of Questions : **28**

Total No. of Printed Pages : **8**

P-901

High School, Examination (Regular) - 2020

हिन्दी (विशिष्ट)

HINDI (Special)

Time : **3** Hours] [Maximum Marks : **100**

निर्देश :

(1) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है ।

(2) प्रश्न क्रमांक **1** से **5** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए **एक–एक अंक** निर्धारित हैं । **(1×5×5=25)**

(3) प्रश्न क्रमांक **6** से **16** तक प्रत्येक के लिए **दो–दो अंक** निर्धारित हैं । प्रत्येक का उत्तर लगभग **30 शब्दों** में लिखिए ।

(4) प्रश्न क्रमांक **17** से **19** तक प्रत्येक के लिए **तीन–तीन अंक** निर्धारित हैं । शब्द सीमा **30** से **75** शब्द है ।

(5) प्रश्न क्रमांक **20** से **25** तक प्रत्येक के लिए **चार–चार अंक** निर्धारित हैं । शब्द सीमा **75** से **120** शब्द है ।

(6) प्रश्न क्रमांक **26** एवं **27** के लिए **पाँच–पाँच अंक** निर्धारित हैं । शब्द सीमा **120** से **150** शब्द है ।

(7) प्रश्न क्रमांक **28** के लिए **दस (7+3=10) अंक** निर्धारित हैं । ''अ'' के लिए **7 अंक** तथा ''ब'' के लिए **3 अंक** । शब्द सीमा **200** से **250** शब्द हैं ।

1 निम्नलिखित कथनों के सही विकल्प चुनकर लिखिए : 1×5=5

(i) जायसी प्रतिनिधि कवि हैं –

(अ) ज्ञानमार्गी शाखा के (ब) प्रेममार्गी शाखा के

(स) रामभक्ति मार्गी शाखा के (द) कृष्णभक्ति मार्गी शाखा के

(ii) 'गेहूँ और गुलाब' निबंध के लेखक हैं –

(अ) रामबृक्ष बैनी (ब) डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी

(स) श्री लाल शुक्ल (द) प्रेमचंद

(iii) अमरकंटक की केन्द्रीय सत्ता है –

(अ) गंगा (ब) यमुना

(स) कावेरी (द) नर्मदा

(iv) जो पुरुषों में उत्तम है, के लिए एक शब्द है –

(अ) अनुयायी (ब) पुरुषोत्तम

(स) मूर्ख (द) अल्पज्ञ

(v) संचारीभाव की कुल संख्या मानी जाती है –

(अ) 15 (ब) 18

(स) 20 (द) 33

2 रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द का चयन कर कीजिए : 1×5=5

(i) आधुनिक हिन्दी कविता का प्रारम्भ _____ से माना जाता है । (संवत् 1700 / संवत् 1900)

(ii) 'बैल की बिक्री' में महाजन का _____ नाम था । (ज्वालाप्रसाद / मोहन)

(iii) सुश्रुत संहिता में शल्य यंत्रों की संख्या _____ बताई गई है । (120 / 101)

(iv) जिस समास में दोनों पद प्रधान हों, वहाँ _____ होता है ।
(बहुब्रीहि समास / द्वन्द्व समास)

(v) ''रसयुक्त वाक्य ही _____ है ।'' (काव्य / अलंकार)

3 सत्य / असत्य लिखिए : 1×5=5

(i) बिहारी की भाषा साहित्यिक ब्रज है ।

(ii) कृष्ण की राजनीतिक बुद्धि अद्‌भुत नहीं थी ।

(iii) 'थके हुए कलाकार से' कविता है ।

(iv) संधि के चार भेद (प्रकार) हैं ।

(v) उल्लाला एक मात्रिक छन्द नहीं है ।

4 सही जोड़ी बनाइये : 1×5=5

'अ'		'ब'
(i) मैंने आहुति बनकर देखा	–	अजहर हाशमी
(ii) मन की एकाग्रता	–	उत्साह
(iii) बेटियाँ पावन दुआएँ हैं	–	संकलित
(iv) वीर रस	–	24
(v) दो वर्णों का योग	–	पं. बालकृष्ण भारद्वाज
	–	अज्ञेय
	–	संधि

5 प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में लिखिए : 1×5=5

(i) मीठे फल का आनंद लेने वाला कौन है ?

(ii) सुजानसिंह कौन थे ?

(iii) भगिनी निवेदिता के गुरु का नाम क्या था ?

(iv) रचना की दृष्टि से वाक्य कितने प्रकार के होते हैं ?

(v) रस के कितने अंग होते हैं ?

6 पारस में कौन–सा गुण पाया जाता है ? 2

अथवा

बालक राम का मुख–सौन्दर्य कैसा है ?

7 कोयल को उसके किस गुण के कारण पसंद किया जाता है ? 2

अथवा

कवि ने बादलों को कहाँ घिरते देखा है ?

8 वसंत के आने पर कौन तान भरने लगता है ? 2

अथवा

कवि चट्टानों की छाती से क्या निकालने के लिए कह रहा है ?

9 लोहा किसकी स्वाँस से भस्म हो जाता है ? 2

अथवा

दयामयी माता के तुल्य किसे माना गया है ?

10 चलने के पूर्व बटोही को क्या करना चाहिए ? 2

अथवा

कवि नरेश मेहता ने रूकने को किसका प्रतीक माना है ? लिखिए ।

11 हिन्दी गद्य साहित्य की प्रमुख विधाओं के नाम लिखिए । 2

अथवा

हिन्दी गद्य साहित्य की अन्य गौण विधाओं के नाम लिखिए ।

12 देहाती बूढ़ा कमाल पाशा के पास क्यों गया था ? 2

अथवा

महर्षि वेदव्यास क्यों प्रसिद्ध हैं ?

13 महाराणा लाखा ने कौन–सी प्रतिज्ञा की थी ? 2

अथवा

ज्वाला प्रसाद ने मोहन से क्या कहा ?

14 विषैले तालाब के नजदीक युधिष्ठिर ने क्या देखा ? 2

अथवा

ज्ञान और दीपक के आपसी संबंध लिखिए ।

15 वाक्यों को निर्देशानुसार परिवर्तित कीजिए : 2

(i) अशोक राजनगर में रहता है । (प्रश्नवाचक)

(ii) गीता रामपुर में रहती है । (निषेधवाचक)

अथवा

वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए :

(i) रामू को फेल होने की आशा है ।

(ii) पुरुषोत्तम की पत्नि अच्छा थी ।

16 प्रबंध काव्य एवं मुक्तक काव्य में अन्तर लिखिए । (कोई दो) 2

अथवा

रस की परिभाषा लिखिए ।

17 "अमरनाथ एक सच्चा मित्र है ।" क्यों कहा गया है ? 3

अथवा

'जीवन में बेटियों का महत्व' विषय पर अपने विचार लिखिए ।

18 सन्धि और समास में कोई तीन अन्तर लिखिए । 3

अथवा

अर्थ के आधार पर वाक्यों के कितने भेद होते हैं ? नाम लिखिए ।

19 अन्योक्ति अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए । 3

अथवा

गीतिका छन्द की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए ।

20 रीतिकाल की कोई दो विशेषताएँ लिखिए तथा रीतिकाल के कोई दो कवियों के नाम तथा उनकी एक–एक रचना लिखिए । 4

अथवा

भारतेन्दुयुग की कोई दो विशेषताएँ लिखिए तथा भारतेन्दुयुग के दो कवियों के नाम तथा उनकी एक–एक रचना लिखिए ।

21 नाटक और एकांकी में कोई चार अन्तर लिखिए । 4

अथवा

यात्रा–वृत्त किसे कहते हैं ? कोई दो लेखकों के नाम एवं उनकी एक – एक रचना का नाम लिखिए ।

22 बिहारी **अथवा** सूरदास की काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए : 1+2+1=4

(i) दो रचनाएँ

(ii) भावपक्ष – कलापक्ष

(iii) साहित्य में स्थान

23 कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर' **अथवा** हरिकृष्ण प्रेमी का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए : 1+2+1=4

(i) दो रचनाएँ

(ii) भाषा–शैली

(iii) साहित्य में स्थान

24 निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 1+1+2=4

साईं इतना दीजिए, जामैं कुटुम समाय ।
मैं भी भूखा न रहूँ, साधु न भूखा जाए ॥

अथवा

पूर्व चलने के बटोही,
बाट की पहचान कर ले ।
पुस्तकों में है नहीं
छापी गयी इनकी कहानी,
हाल इनका ज्ञात होता
है न औरों की जबानी ।

25 निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश की व्याख्या संदर्भ प्रसंग सहित लिखिए : 1+1+2=4

परम्परा आधुनिकता को आधार देती है, उसे शुष्क और नीरस बुद्धि–विलास बनने से बचाती है । उसके प्रयासों को अर्थ देती है, उसे असंयत और विश्रंखल उन्माद से बचाती है । परम्परा और आधुनिकता ये दोनों परस्पर विरोधी नहीं, परस्पर पूरक हैं ।

अथवा

गाँव का आदमी निरक्षर भले हो, लेकिन सुसंस्कृत रहा है । वह विश्वास पर बिक जाता है, धर्म पर झुक जाता है, सबको सहता है पर शिकायत नहीं करता । सबकी सुनता है पर अपनी ओर से कुछ नहीं कहता । वह कभी थककर नहीं बैठता, झुककर नहीं चलता और त्याग में से प्राप्ति तथा परिश्रम में से आनंद पाता आया है ।

26 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1+1+1+2=5

कभी–कभी लक्ष्य बहुत दूर दिखाई देता है । संदेह होने लगता है कि इस लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे या नहीं । कई बार लक्ष्य प्राप्ति के लिए अनेक प्रयास करने पर भी असफलता मिलती है । इससे मन में निराशा का भाव जाग्रत हो जाता है । निराशा से प्रसन्नता और शान्ति नष्ट हो जाती है । आशा उत्साहित करती है । निराशा का भाव अकेले नहीं आता । उसके साथ हीनता की भावना का जन्म होता है । असुरक्षा का भाव आता है, तनावों का बवंडर आ जाता है । मन उत्साहहीन हो जाता है । मन में निराशा को नहीं आशा को बसाना चाहिए ।

प्रश्न :

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए ।

(ii) निराशा के साथ अन्य कौन–कौन सी बुराइयाँ आती हैं ?

(iii) निराशा शब्द का विलोम शब्द लिखिए ।

(iv) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए ।

27 परीक्षा की तैयारी के लिए अन्य पुस्तक खरीदने हेतु अपने पिताजी को पत्र लिखिए जिसमें रु. 500 मंगाने का लिखिए । 5

अथवा

शाला प्राचार्य को स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र (T.C.) प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लिखिए ।

28 (अ) निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर सारगर्भित निबंध लिखिए : 7

(i) विद्यार्थी और अनुशासन

(ii) पर्यावरण प्रदूषण

(iii) स्वच्छता अभियान

(iv) आतंकवाद

(v) विज्ञान एक अभिशाप

(ब) निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर रूपरेखा लिखिए : 3

(i) जनसंख्या वृद्धि

(ii) वृक्षारोपण

(iii) मेरा देश महान

(iv) विज्ञान की प्रगति